## खबर संक्षेप

### मेडिकल कॉलेज का भूमि पूजन 27 दिसंबर को

**कटनी।** जिले के लिए 27 दिसंबर का दिन ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बनने जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव इस दिन कटनी प्रवास पर रहेंगे। अपने दौरे के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव कटनी के लिए स्वीकृत बहुप्रतीक्षित मेडिकल कॉलेज का विधिवत भूमि पूजन करेंगे। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो-कटनी सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री तथा प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ला, प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के करकमलों से होने जा रहा यह भूमि पूजन समारोह कटनी जिले के लिए अत्यंत गौरव एवं सौभाग्य का क्षण है। उन्होंने कहा कि वर्षों से चली आ रही कटनीवासियों की मांग अब साकार रूप लेने जा रही है और मेडिकल कॉलेज की स्थापना से जिले के स्वास्थ्य ढांचे तथा चिकित्सा शिक्षा को नई दिशा मिलेगी। क्षेत्रीय विधायक संदीप जायसवाल ने कहा कि भूमि पूजन के साथ ही इसके निर्माण की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो जाएगी। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना से न केवल कटनी बल्कि आसपास के जिलों को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी, वहीं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में भी क्षेत्र को एक नई पहचान मिलेगी। इससे मरीजों को बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा और स्थानीय स्तर पर उच्च स्तरीय उपचार संभव हो सकेगा।

### आईटीआई में युवा संगम का आयोजन 26 को

**कटनी।** जिले के युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर शुक्रवार 26 दिसंबर को शासकीय आईटीआई रोशन नगर में युवा संगम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा।युवा संगम के अंतर्गत रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। साथ ही स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को ऋण प्रदाता शासकीय विभागों द्वारा जानकारी प्रदान कर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।इस रोजगार मेले में 8वीं से स्नातक, आईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण युवक-युवतियां, जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष है, भाग ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपनी शैक्षणिक योग्यता की अंकसूचियां, रोजगार कार्यालय का पंजीयन, समग्र आईडी (अनिवार्य), आधार कार्ड, जाति एवं मूल निवासी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा।जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

### एसपी ने किया कुठला थाने का निरीक्षण

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने थाना कुठला का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर में उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की गणना कर उनकी उपस्थिति की समीक्षा की।पुलिस अधीक्षक ने थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के लिए नियमित गश्त, सघन चेकिंग अभियान, पैदल भ्रमण तथा पुलिस विजिबिलिटी बढ़ाने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस की निरंतर और सक्रिय उपस्थिति से आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत होती है, वहीं असामाजिक तत्वों पर भी प्रभावी नियंत्रण संभव हो पाता है।निरीक्षण के दौरान ड्यूटी रजिस्टर, अभिलेखों एवं थाना की कार्यप्रणाली की भी गहन समीक्षा की गई। एसपी ने पुलिसकर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनसंवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिये।

### उमरिया पान, पचपेढ़ी, बम्हनी, बरोदा एवं इनके 12 आश्रित ग्रामों को मिलाकर होगा गठन

# नये नगर परिषद की कवायद तेज, परमवीर चक्र विजेता शहीदों के नाम पर होंगे 15 वार्डों के नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान




ढीमरखेड़ा तहसील में प्रस्तावित नवीन नगर परिषद एक ऐतिहासिक पहचान बनाने जा रही है। नगर परिषद के 15 वार्डों के नाम परमवीर चक्र विजेता शहीदों के नाम पर रखने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन में एसडीएम द्वारा नगर परिषद का प्रारूप प्रकाशन जारी कर दिया गया है। प्रकाशन के बाद एक सप्ताह तक आमजन से दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी।

जानकारी के अनुसार ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत क्षेत्र की चार ग्राम पंचायतें— उमरिया पान, पचपेढ़ी, बम्हनी एवं बरोदा, साथ ही इनके 12 आश्रित ग्रामों को मिलाकर नगर परिषद का गठन किया जा रहा है। जनसंख्या के अनुपात में 56 वार्डों का परिसीमन कर 15 नवीन वार्डों का गठन किया गया है। इन सभी वार्डों का नामकरण परमवीर चक्र सम्मान प्राप्त शहीद सैनिकों के नाम पर प्रस्तावित किया गया है। सूत्रों के मुताबिक यह प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश की पहली ऐसी नगर परिषद होगी, जहां सभी वार्डों के नाम शहीदों के नाम पर होंगे। नामकरण की प्रक्रिया धर्म, जाति और राजनीति से परे रहकर की गई है। प्राप्त दावे–आपत्तियों के निराकरण के बाद अंतिम अधिसूचना जारी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 जनवरी 2023 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 123वीं जयंती एवं पराक्रम दिवस के अवसर पर अंडमान-निकोबार के 21 दीपों के नाम परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर रखे थे। उसी कड़ी में ढीमरखेड़ा में यह पहल शहीदों के सम्मान को समर्पित मानी जा रही है। परमवीर चक्र भारत का सर्वोच्च सैन्य सम्मान है। देश में जहां भारत रत्न सम्मान लगभग 53 व्यक्तियों को प्राप्त हुआ है, वहीं परमवीर चक्र सम्मान अब तक केवल 21 वीर सैनिकों को मिला है, जिन्होंने युद्धभूमि में अदम्य साहस का परिचय देते हुए देश की रक्षा की।

गौरतलब है कि वर्ष 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा नगर पंचायत बनाए जाने की घोषणा की गई थी। लगभग नौ वर्षों बाद क्षेत्र को नगर परिषद का दर्जा मिलने जा रहा है। नगर परिषद बनने से क्षेत्र को अग्निशमन सेवा की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, जिससे आगजनी की घटनाओं में होने वाले भारी नुकसान पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। साथ ही, नगर परिषद बनने से क्षेत्र में विकास के नए अवसर भी सृजित होंगे।

#### इन शहीदों के नाम पर होंगे नगर परिषद वार्डों के नाम

प्रस्तावित वार्डों के नाम इस प्रकार हैं शहीद पीरू सिंह वार्ड, शहीद धन सिंह थापा वार्ड, शहीद होशियार सिंह वार्ड,शहीद विक्रम बत्रा वार्ड,शहीद अब्दुल हमीद वार्ड शहीद सोमनाथ शर्मा वार्ड,शहीद शैतान सिंह वार्ड, शहीद जोगिंदर सिंह वार्ड,शहीद मनोज कुमार पांडे वार्ड, शहीद रामस्वामी परमेश्वर वार्ड, शहीद राम राघोबा राणे वार्ड, शहीद अरुण क्षेत्रपाल वार्ड,शहीद अल्बर्ट इक्का वार्ड,शहीद गुरवचन सिंह सलारिया वार्ड, शहीद करम सिंह वार्ड।

#### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम निधि गौतम ने बताया कि नगर परिषद गठन की प्रक्रिया के तहत नवीन वार्डों के नामकरण का प्रकाशन जारी किया गया है। एक सप्ताह तक सुझाव और दावे–आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी, जिनके निराकरण के बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा।



## अवैध परिवहन पर कार्यवाही, हाईवा को जब्त कर थाना में खड़ा कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्लीमनाबाद क्षेत्र में बीती देर रात खनिज विभाग ने अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। कार्रवाई के दौरान मार्बल की टुकड़ी से लदा एक हाइवा वाहन पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार खनिज विभाग की टीम ने नियमित जांच के दौरान उक्त हाइवा को रोका, लेकिन वाहन चालक के पास खनिज परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज मौजूद नहीं थे। इस पर विभागीय अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को स्लीमनाबाद थाना में खड़ा करा दिया।पकड़ा गया हाइवा वाहन एक जैन कारोबारी का बताया जा रहा है। खनिज विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। खनिज विभाग की इस कार्रवाई से अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है।

## ऑनलाइन ध्यान सत्र का आयोजन आज

**कटनी।** नागरिकों के जीवन में मानसिक शांति, सकारात्मक दृष्टिकोण एवं आंतरिक आनंद को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से रविवार 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर आनंद विभाग एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वानवधान में 20 मिनट का ऑनलाइन ध्यान सत्र पूर्णतः निःशुल्क आयोजित किया जा रहा है। आनंदम विभाग के जिला प्रोग्राम लीडर डॉ अनिल कांबले ने आनंद विभाग से जुड़े समस्त आनंदकों से अधिकाधिक संख्या में सहभागिता कर इस सामूहिक ध्यान साधना का लाभ लेने एवं आनंदपूर्ण समाज निर्माण में सहभागी बनने का अनुरोध किया है।

**ढीमरखेड़ा पुलिस ने अलग अलग स्थानों में कार्यवाही कर पकड़ा**

## दो तस्करों को किया गिरफ्तार, साढ़े 5 किलो गांजा सहित बाइक किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



गांजा की तस्करी कर रहे दो व्यक्तियों को ढीमरखेड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा जिले में जुआ, सटटा, शराब तथा मादक पदार्थ की तस्करी में प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश जारी किये गये थे जो निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेडरिया एव एस.डी.ओ.पी. श्रीमति आंकाक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थ की विक्रय एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी ढीमरखेडा निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में पुलिस टीम को सफलता मिली है।

पुलिस के अनुसार ग्राम झिन्ना पिपरिया चंढी माता मंदिर के पास एक व्यक्ति मोटर सायकिल में प्लास्टिक की बोरी रखे हुये था झिन्नापिपरिया तरफ से आ रहा था जो पुलिस को देखरकर घबरा गया और भागने की कोशिश करने लगा जिसे हमराह स्टाफ घेराबंदी कर पकडा जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम बृजभान पिता अमर सिंह परस्ते 25 साल निवासी मखडार थाना कुंडम जिला जबलपुर का होना बताया। जांच करने पर प्लास्टिक की बोरी में 2 किलो 400 ग्राम गांजा मिला। गांजा व मोटर सायकिल जप्त कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। इसी तरह दूसरे प्रकरण में पुलिस द्वारा ग्राम खमतरा बिचुआ मोड मेनरोड एक व्यक्ति खड़ा था जो पुलिस को देख घबराकर भागने की कोशिश करने लगा जिसे घेराबंदी कर पकडा जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम पंचम पिता अमर सिंह 46 साल निवासी ग्राम जामूनचुआ थाना ढीमरखेडा का होना बताया। बैग से 3 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक चौबे, उनि सुरेश सउनि जयपाल सिंह, आर पंकज सिंह, आर. डुमनदास, आर जागेश्वर, आर कमोद कोल, आर. देवेन्द्र अहिरवार, गंधर्व की भूमिका रही।

### विद्यार्थियों को फसल उत्पादन का दिया तकनीकी प्रशिक्षण



प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्राचार्या डॉ सुनील कुमार बाजपेई के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ वी के द्विवेदी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान फसल उत्पादन की परिभाषा एवं सिद्धांत के अंतर्गत टिकाऊ खेती, पादप कीट, रोग प्रबंधन एवं खरपतवार प्रबंधन, बीज उत्पादन एवं प्रमाणीकरण कृषि में सूक्ष्म जीवों का महत्व, मिट्टी की समस्याएं और प्रबंधन, अनाज के कीड़ों और चूहों का प्रबंधन, फसलों के सूत्र कृमि रोगों का प्रबंधन, पर्यावरण के अनुकूल फसल और किस्म का चुनाव करना, सही फसल चक्र अपनाना, जैविक खादों एवं कीटनाशकों को बनाने तथा खेती में उपयोग का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त फसल उत्पादन पद्धतियों के अंतर्गत मिट्टी तैयार करना, बुवाई, जैविक खाद, सिंचाई, खरपतवार नियंत्रण, कटाई एवं भंडारण आदि की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई।

## हाईवे में दर्दनाक हादसा, अज्ञात वाहन ने दो युवकों को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 के फोरलेन बाईपास पर शनिवार दोपहर करीब 12 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बाइक सवार दो युवकों को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने कुचल दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार स्कूटी क्रमांक MP 21 ZC 1363 पर सवार दो युवक बरगी मोहल्ला से पीर बाबा, कटनी स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। इसी दौरान तेवरी बाईपास के पास खेल मैदान के सामने पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और रौंदते हुए फरार हो गया।

हादसे में मृतक की पहचान राजू कोल पिता मुन्नीलाल कोल 35 वर्ष निवासी बरगी मोहला थाना सिहोरा जिला जबलपुर व मोहन कोल पिता दादू कोल 22 वर्ष ग्राम बरगी मोहल्ला तहसील सिहोरा जिला जबलपुर के रूप में हुई। आए दिन हो रहे सड़क हादसों से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। उल्लेखनीय है कि इसी मार्ग पर एक सप्ताह के भीतर यह दूसरा बड़ा हादसा है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और फरार ट्रक की तलाश की जा रही है।

**कलेक्टर के निर्देश पर दो कृषि संस्थानों पर की गई कार्यवाही**

## बीज विक्रेता का विक्रय प्राधिकार पत्र निलंबित, उर्वरक विक्रेता का निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं उचित मूल्य पर खाद-बीज, उर्वरक एवं कीटनाशकों की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सघन जांच अभियान चलाने और प्रयोगशाला में नमूनों की जांच करवा कर अमानक खाद-बीज एवं कीटनाशक औषधि विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में कृषि विभाग द्वारा बीज और उर्वरक नियमों का उल्लंघन करने पर विजयराघवगढ़ के बीज विक्रेता का विक्रय प्राधिकार पत्र निलंबित कर दिया गया है जबकि बहोरीबंद के उर्वरक विक्रेता का विक्रय प्राधिकार पत्र निरस्त कर दिया गया है।

उप संचालक कृषि डॉ. आर.एन. पटेल ने बताया कि विकासखण्ड विजयराघवगढ़ के ग्राम सिनगौंडी स्थित मैसर्स किसान एग्रो (प्रो. जयकिशन गुप्ता) से लिए गए गेहूँ बीज (किस्म BIO-SEED-2006 टीएल, उत्पादकः श्रीराम बायोसीड्स जेनेटिक्स, तेलंगाना) का नमूना प्रयोगशाला जांच में अमानक स्तर का पाया गया। बीज नमूना अमानक पाए जाने पर बीज गुण नियंत्रण आदेश 1983 की धारा-15 के अंतर्गत संस्थान का बीज विक्रय प्राधिकार पत्र जो 28 अक्टूबर 2030 तक वैध था, को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में संस्थान द्वारा बीजों का क्रय-विक्रय प्रतिबंधित रहेगा।

इसी प्रकार विकासखण्ड बहोरीबंद के ग्राम मढ़िया पोस्ट मोहतरा स्थित मेसर्स महावीर कृषि केंन्द्र (प्रो. राजेन्द्र कुमार लोधी) को 4 दिसंबर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसका जवाब संस्थान द्वारा तीन दिवस की समय-सीमा के भीतर प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके बाद उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के खण्ड 31(1) के तहत कार्रवाई करते हुये संस्थान के विक्रय प्राधिकार पत्र जो 17 फरवरी 2030 तक वैध था, को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया। साथ ही विक्रेता संस्थान को संस्थान में उपलब्ध समस्त उर्वरक स्कन्धों का विक्रय एक माह की अवधि के अन्दर करने का निर्देश दिया गया है, अन्यथा एक माह पश्चात शेष बचे उर्वरकों को राजसात कर लिया जावेगा।

**पुलिस, जिला पंचायत और नगर निगम ने भी हासिल किया ए ग्रेड**

## शिकायतों के निराकरण में कटनी टॉप 5 जिलों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में प्रदेश के 28 जिलों के प्रथम समूह में कटनी टॉप 5 जिलों में शामिल है। कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के नियमित अनुश्रवण और पर्यवेक्षण की वजह से कटनी जिले ने प्रथम समूह के 28 जिलों में चतुर्थ स्थान अर्जित किया है। राज्य शासन द्वारा शनिवार को प्रदेश के जिलों की सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के आधार पर समीक्षा कर जारी की गई ग्रेडिंग में कटनी जिले ने 83.87 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल कर चौथा स्थान अर्जित किया है।

कटनी जिला प्रथम समूह के 28 जिलों में चौथे स्थान पर है। कलेक्टर श्री तिवारी ने विभागों के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और अधिक संवेदनशीलता के साथ परिणामोन्मुखी प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। जिले में बीते नवंबर माह में प्राप्त कुल 7 हजार 406 शिकायतों में से 83.87 वेटेज स्कोर के साथ जिले ने ए ग्रेड हासिल कर 50.35 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया।

उल्लेखनीय है कि सीएम हेल्पलाइन की निरंतर समीक्षा के परिणामस्वरूप कटनी जिला पिछले 17 माहों से लगातार प्रदेश के 5 अग्रणी जिलों में शामिल है।

इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला प्रशासन के अमले को शाबाशी देते हुए भविष्य में भी इसी जोश और जज्बे के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रशासन में शुचिता, पारदर्शिता तथा सुशासन का बेहतर माध्यम होने के साथ ही आमजन की समस्याओं के निराकरण का भी अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास होना चाहिए कि लोगों की शिकायतों और समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कर उन्हें सहूलियत दी जाए। शिकायतों के त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण से आमजन का प्रशासन पर भरोसा बढ़ता है।

### हासिल किया ए ग्रेड

कलेक्टर श्री तिवारी के मार्गदर्शन में सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में कटनी जिले के पुलिस विभाग को आठवां स्थान मिला है। पुलिस विभाग ने नवंबर माह में 836 शिकायतों में से 53.47 वेटेज स्कोर के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर ए ग्रेड हासिल किया। जबकि सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में जिला पंचायत को सातवां स्थान मिला है। जिला पंचायत अपने समूह में 88.23 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड में तथा नगर निगम द्वारा छठवां स्थान पर रहकर नवंबर माह में प्राप्त 512 शिकायतों का 94.2 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल किया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने इन सभी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लगनशीलता की सराहना की है।

## किसानों को उन्नत फसल उत्पादन की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मेगा किसान गोष्ठी का आयोजन ग्राम रोहनिया विजयराघोगढ़ कटनी में किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र कटनी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ संजय वैशंपायन एवं जिले के उप संचालक कृषि डॉ आर एन पटेल वैज्ञानिक डॉ आर पी बैन डॉ के पी दिवेदी ने आयोजित मेगा किसान गोष्ठी में उन्नत रबी फसल उत्पादन तकनीकी पर जानकारी दी यह कार्यक्रम ITL-SOLIS CSR पहल के अंतर्गत ग्राम-रोहनिया, ब्लॉक-विजयराघवगढ़, जिला-कटनी (म.प्र.) में एक मेगा किसान गोष्ठी का आयोजन बी-एबल फ़ाउंडेशन द्वारा किया गया।

जिले में किसानों को सतत एवं उन्नत कृषि तकनीकों से सशक्त बनाने हेतु प्रशिक्षण, फील्ड डेमो तथा जागरूकता कार्यक्रम सफलता पूर्वक संचालित किए जा रहे हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक कृषि, नवीन तकनीकों एवं बेहतर संसाधनों से जोड़कर उनकी उत्पादकता तथा आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ संजय वैशंपायन ने सौर ऊर्जा द्वारा संचालित लाईट ट्रैप की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी साथ ही इसका पौध संरक्षण म इसका महत्व बताया,डॉ आर पी बैन एवं डॉ के पी दिवेदी के रबी फसल उत्पादन तकनीकी और प्राकृतिक कृषि की जानकारी दी।

इस कार्यक्रम में ड्रोन तकनीकी का डेमोस्ट्रेशन किसानो के खेत में किसानो के समक्छ किया गया जिसमे किसानो की संख्या 270 थी इस अवसर पर डॉ संजय वैशम्पायन ने ड्रोन तकनिकी के महत्व पर तकनिकी जानकारी दी इस कार्यक्रम में मार्गदर्शन किसानों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। विशेषज्ञ के अनुभवपूर्ण सुझाव कृषि कार्यों तथा किसान विकास के प्रभाव को और अधिक सुद्ध बनाएंगे।

## खबर संक्षेप



### बांग्ला टोला में जन चौपाल का आयोजन

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में थाना कुठला क्षेत्र अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य मजदूरी पेशा वाले बांग्ला टोला में वार्ड पार्षद की उपस्थिति में जन चौपाल का आयोजन किया गया।जन चौपाल में उपस्थित नागरिकों को नशे के दुष्प्रभाव एवं उससे होने वाली सामाजिक, आर्थिक एवं पारिवारिक हानियों के संबंध में विस्तार से समझाइश दी गई। सौहार्दपूर्ण वातावरण में संवाद स्थापित कर पुलिस द्वारा क्षेत्रवासियों का विश्वास अर्जित किया गया।इस अवसर पर बांग्ला टोला के निवासी हत्या के प्रयास जैसे गंभीर अपराध में फरार 7 नामजद आरोपियों को उपस्थित कराने की अपील की गई, जिसका सकारात्मक प्रभाव यह रहा कि 10 घंटे के भीतर ही 6 आरोपियों को उनके परिजनों द्वारा थाना उपस्थित कराया गया।इतना ही नहीं, आरोपियों के परिजनों द्वारा भविष्य में सभी प्रकार के नशे का त्याग करने की दिशा में किए जाने वाले प्रयासों में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन भी दिया गया।

### सीईओ ने खड़े होकर वॉश ऑन व्हील सेवा का कराया शुभारंभ

**कटनी।** जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित शौचालय सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से "वास ऑन व्हील" योजना जिले में प्रारंभ हो गई है। शुक्रवार को जनपद पंचायत कटनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप सिंह ने स्वयं खड़े होकर ग्राम पंचायत पहाड़ी में "वाश ऑन व्हील" योजना के अंतर्गत निर्धारित ऐप के माध्यम से आधुनिक तकनीकी उपकरणों की सहायता से शौचालय की सफाई कराई। इस दौरान विकासखंड समन्वयक जग्गी पटेल सहित सरपंच, सचिव एवं अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि "वास ऑन व्हील" योजना के अंतर्गत चिन्हित सफाई मित्रों को उनके संबंधित क्लस्टर के आसपास की ग्राम पंचायतें मैप की गई हैं। इस योजना के तहत शासकीय संस्थानों के शौचालयों के साथ-साथ अब आमजन भी निर्धारित ऐप के माध्यम से निर्धारित दरों पर अपने निजी शौचालयों की सुरक्षित एवं आधुनिक तरीके से सफाई करा सकेंगे। यह योजना जिले में स्वच्छता,स्वास्थ्य एवं सुरक्षित सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

### जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 23 दिसंबर को होगा

**कटनी।** भारत सरकार द्वारा 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर 23 दिसंबर को जिला स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग के अंतर्गत पिछले पाँच वर्षों में किये गये सुशासन, सार्वजनिक सेवा वितरण, शिकायत निवारण के प्रयोग व नवाचारों से संबंधित उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। कार्यशाला के संबंध में सभी संबंधित विभागों को अपने विभाग के अंतर्गत पिछले पाँच वर्षों में किये गये सुशासन के प्रयोग व नवाचारों से संबंधित संक्षिप्त पीपीटी (अधिकतम 3 पृष्ठ) एवं नवाचारों के संबंध में लघु फिल्म (यदि उपलब्ध हो तो) तैयार कर कार्यशाला में प्रस्तुत किये जाने हेतु किसी एक विभागीय अधिकारी या कर्मचारी को नामांकित करते हुये कार्यशाला में उपस्थित होकर प्रस्तुत करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही तैयार की गई पीपीटी ई-गवर्नेंस कार्यालय को सोमवार 22 दिसंबर तक प्रेषित किया करने के भी निर्देश दिये गये हैं।

## आबकारी अमले ने ढीमरखेड़ा व विजयराघवगढ़ क्षेत्र में की कार्रवाई

# बड़ी कार्यवाही : 2 लाख 65 हजार से अधिक का महुआ लाहन कराया नष्ट

शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में शराब की अवैध बिक्री एवं कच्ची शराब बनाने का कार्य चल रहा है। गांव गांव पैकारियों का संचालन हो रहा है वहीं घरों, खेतों एवं तालाब किनारे कच्ची शराब बनाई जा रही है। भट्टियां धधक रही हैं। शराब के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देश के बाद आबकारी अमले ने कार्यवाही करना प्रारंभ कर दिया है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग की टीम ने ढीमरखेड़ा एवं विजयराघवगढ़ क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध मदिरा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। अभियान के तहत वृत्त ढीमरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम खिरवा, बसेड़ा, ठिर्री, झिर्री एवं देहरी तथा विजयराघवगढ़ वृत्त के ग्राम बराती ताल, शांतिनगर, जंगल पुरैनी, जिवारा एवं देवराकला में आबकारी अमले द्वारा दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान कुल 13 प्रकरण आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किए गए तथा 1 लाख 42 हजार 275 रुपये मूल्य का महुआ लाहन मौके पर नष्ट कराया गया।

ढीमरखेड़ा वृत्त में की गई कार्रवाई के दौरान 25 पाव देशी मदिरा मसाला, 10 पाव देशी मदिरा प्लेन, 10 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं प्लास्टिक के गुम्मों में भरा लगभग 150 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। इस मामले में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं च के तहत 6 प्रकरण दर्ज किए गए। जप्त सामग्री की अनुमानित कीमत 19 हजार 875 रुपये बताई गई है। महुआ लाहन का सैंपल लेकर शेष लाहन मौके पर नष्ट किया गया।

इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सूर्यभान कोरी, मंशाराम उइके, वृत्त ढीमरखेड़ा प्रभारी प्रवीण रतन बरकड़े, आबकारी उपनिरीक्षक केशव उइके, अतुल कुटार, आंचल प्रजापति सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

वहीं विजयराघवगढ़ वृत्त प्रभारी केशव उइके के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में 6 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं लगभग 810 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। इस मामले में भी आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं च के तहत 7 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जप्त मदिरा एवं महुआ लाहन की अनुमानित कीमत 1 लाख 22 हजार 400 रुपये आंकी गई है। यहां भी महुआ लाहन का सैंपल लेकर शेष लाहन मौके पर नष्ट किया गया। आबकारी विभाग की इस सख्त कार्रवाई से अवैध मदिरा कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासन ने आगे भी इसी तरह की निरंतर कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।



# जिले में पहुंची नीम कोटेड 1042 मीट्रिक टन यूरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रबी फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक और रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे कटनी जिले को 1042 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है। इसके पूर्व भी एक रैक आई थी। जिससे जिले को 1390 मीट्रिक टन यूरिया मिली थी। झुकेही रैक पाइंट से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है। जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता है।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, किसानों से संवाद करने और पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखकर इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि उर्वरक वितरण व्यवस्था पर पैनी नजर रखें ताकि किसानों को सहजता से खाद मिल सके।

उपसंचालक कृषि ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 230 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 192 मीट्रिक टन तथा मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 120 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 200 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़, सीएमएस बाकल, सीएमएस स्लीमनाबाद, सीएमएस ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी और सीएमएस बड़वारा को 30-30 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जायेगी। इसके अलावा एमपी एग्रो कटनी को 60 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

## किसानों को 154 करोड़ रूपए से अधिक का किया गया भुगतान

# जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर 1. 84 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान उपार्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर शुरू हुये धान उपार्जन में शनिवार 20 दिसंबर तक कुल 21 हजार 403 कृषकों से अब तक 1 लाख 84 हजार 135 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जिले में अब तक 51 हजार 663 कृषकों द्वारा स्लॉट की बुकिंग की जा चुकी है तथा 1 लाख 6 हजार 838 मीट्रिक टन के स्वीकृति पत्रक भी जारी किये जा चुके है। साथ ही अब तक कृषकों को उपार्जित धान का 154.01 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है।



जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुए धान उपार्जन के मामले में तहसील बहोरीबंद अग्रणी है। यहां अब तक की स्थिति में कुल 4096 किसानों से 36 हजार 876 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील ढ़ीमरखेड़ा में 4235 किसानों से 29 हजार 418 मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर उपार्जित की जा चुकी है।

इसी प्रकार बड़वारा तहसील में अब तक 3307 किसानों से 26 हजार 275 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। जबकि विजयराघवगढ़ तहसील में 2530 कृषकों से 21 हजार 466 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है। रीठी तहसील में अब तक की स्थिति में 2278 किसानों से 22 हजार 378 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। वहीं बरही तहसील में 1812 किसानों से 17 हजार 249 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है।

इसके अलावा कटनी ग्रामीण एवं नगर तहसील में 1604 किसानों से 15 हजार 539 मीट्रिक टन धान तथाा स्लीमनाबाद तहसील में 1541 किसानों से 14 हजार 936 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

कलेक्टर ने धान उपार्जन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों में आवश्यक इंतजाम पुख्ता रखनें के निर्देश दिए है। इसके अलावा कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र प्रभारियों और इस कार्य से संबंधित सभी अधिकारियों को दो टूक लहजे मे निर्देशित किया है कि किसानों के हित से जुड़े मामले में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## रेशम कीट पालन एवं उत्पादन पर दिया व्याख्यान



शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पर्यावरण जागरूकता शिक्षा के अंतर्गत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य वक्ता डॉ. एस. आर. गायकवाड़ द्वारा रेशम कीट पालन एवं रेशम उत्पादन विषय पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने मलबरी रेशम, तसर रेशम, मूंगा रेशम एवं एरी रेशम जैसे विभिन्न प्रकार के रेशम कीटों के जीवन चक्र को लार्वा अवस्था से लेकर कोकून निर्माण एवं रेशम प्राप्ति तक विस्तारपूर्वक समझाया। इसके साथ ही रामकिशोर कहार द्वारा मशरूम कल्टिवेशन पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें गेहूँ के पुआल से बेस तैयार कर उसमें मशरूम स्पॉन मिलाया गया तथा मशरूम की वृद्धि हेतु उसे अलग कक्ष में रखा गया। इस कार्यशाला में 50 से अधिक विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों एवं बाहर से पधारे अतिथियों के प्रति स्वागत एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अनिल कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. जी.एम. श्रीवास्तव ने किया। इस

## सीईओ ढीमरखेड़ा ने समीक्षा बैठक में ग्राम पंचायत सचिवों को दिए निर्देश

# ई-केवाईसी कार्य में प्रगति नहीं लाने पर लापरवाह लोकसेवकों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर सर द्वारा प्रति सप्ताह आयोजित होने वाली समय सीमा की बैठक में ई-केवाईसी कार्य को शत प्रतिशत पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। आप लोगों को विगत तीन माह से नोटिस और बार-बार समझाइश तथा निर्देशित करने के बावजूद वांछित प्रगति नहीं आ रही है। यदि सोमवार तक पांच प्रतिशत की वृद्धि ई-केवाईसी कार्य में नहीं आती है तो वेतन कटौती के साथ, वित्तीय अधिकार की समाप्ति एवं निलंबन प्रस्तावित करने की कार्रवाई की जाएगी।

इस आशय के निर्देश जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री युजवेंद्र कोरी ने मंगल भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में न्यूनतम प्रगति वाली ग्राम पंचायतों के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं नोडल अधिकारियों को दिए। उन्होंने यह भी कहा कि 95 प्रतिशत से अधिक ई-केवायसी कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को आगामी 26 जनवरी को प्रशंसा पत्र प्रदान कर पुरस्कृत और सम्मानित किया जाएगा। समीक्षा करते हुए जनपद सीईओ श्री कोरी ने संबल योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर लंबित पंजीयन एवं न्यूनतम लेबर बजट वाली 10 ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायकों और उपयंत्रियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि वित्तीय वर्ष में लक्ष्य पूर्ति नहीं होने पर जिला पंचायत को अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

इस दौरान उन्होंने मनरेगा, सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायत, नल जल योजना के हस्तांतरण की कार्रवाई, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की पूर्णता, स्वच्छ भारत अभियान एवं अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और समीक्षा कर लक्ष्य के अनुसार प्रगति लाने हेतु निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में योजना प्रभारी, ग्राम पंचायतों के सचिव,रोजगार सहायक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## एसपी के निर्देश पर स्कूल में चलाया गया जागरूकता अभियान

# पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को साइबर फ्राड से बचने दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चीसिया, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ठाकुर, आरक्षक चंदन प्रजापति एवं विपिन गुप्ता द्वारा नेचर इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में साइबर सुरक्षा एवं कानूनी जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 650 से अधिक छात्र-छात्राओं, शिक्षकगण व अभिभावकों ने सहभागिता की।



कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को फ्रॉड कॉल, फिशिंग लिंक, फर्जी KYC, OTP व UPI ठगी से बचाव के व्यावहारिक उपाय बताए गए। सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल, ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग, डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर अपराधों की पहचान कराई गई। मजबूत पासवर्ड, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन और सुरक्षित ऐप डाउनलोड पर विशेष जोर दिया गया। नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चीसिया व साइबर सेल अधिकारियों ने वास्तविक मामलों के उदाहरणों से समझाया कि ठग किस प्रकार लकी ड्रॉ और डराने वाली कॉल्स के जरिए ठगी करते हैं। उन्होंने बताया कि खाते से राशि निकलने पर घबराएं नहीं, तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें ताकि गोल्डन आवर में रकम रोकी जा सके।

कार्यक्रम में डीपफेक वीडियो/ऑडियो, अनजान लिंक, QR कोड और संदिग्ध ऐप से सतर्क रहने की अपील की गई। साथ ही अभिभावकों से बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नियमित निगरानी रखने का आग्रह किया गया। नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने के दुष्परिणामों, अभिभावकों की कानूनी जिम्मेदारी तथा POCSO एक्ट के तहत कठोर दंड प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। यह स्पष्ट किया गया कि सोशल मीडिया चैट, फोटो मांगना या बहलाना भी गंभीर अपराध की श्रेणी में आ सकता है। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रहा छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाट्य मंचन, जिसमें सोशल मीडिया के सकारात्मक व नकारात्मक प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने संदेश दिया कि स्मार्टफोन आपके हाथ में है, लेकिन उसकी सुरक्षा की चाबी आपकी सतर्कता में है।

## विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का हुआ समापन

# विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

सांसद खेल महोत्सव के तहत स्लीमनाबाद खेल स्टेडियम में चल रहे विधानसभा स्तरीय आयोजन का शनिवार को समापन हो गया जहाँ विभिन्न खेल -कूद प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। शनिवार को बालक व बालिका वर्ग की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का फाइनल मुकाबला आयोजित हुआ। सांसद खेल महोत्सव समापन कार्यक्रम में विधायक प्रणय पांडे,एसडीएम राकेश चौरसिया, एसडीओपी आकांक्षा चौरसिया, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष राधेश्याम तिवारी, बीईओ मनोज गर्ग, बीआरसी प्रशांत मिश्रा,भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतीश नायक, जिला मंत्री कमलेश सेन, मंडल अध्यक्ष दीपू शुक्ला, सहसंयोजक सुनील रतन गुप्ता व अन्य अतिथियों की उपस्थिति रही।





सांसद खेल महोत्सव के तहत मंगलवार को आयोजित बालक वर्ग के कबड्डी फाइनल मुकाबले मै तेवरी तों कबड्डी बालिका वर्ग मै स्लीमनाबाद की टीम विजेता बनी वहीं खो-खो बालक वर्ग फाइनल मुकाबले में बहोरीबंद विजेता तों बालिका वर्ग में स्लीमनाबाद विजेता बना।बालीबाल बालक वर्ग फाइनल मुकाबले में बहोरीबंद तों रीठी उपविजेता रहा। रस्सा कस्सी बालक व बालिका वर्ग फाइनल मुकाबले में बहोरीबंद विजेता रहा। गोला फेंक बालक वर्ग मै प्रथम स्थान गौरव, दूसरा स्थान रजनीश, वहीं बालिका वर्ग में प्रथम पूजा व दूसरा रूचि ने प्राप्त किया। भाला फेंक बालक वर्ग में प्रथम स्थान श्लोक गुप्ता प्रथम स्थान, दूसरा स्थान गौरव राज ने प्राप्त किया। लंबी कूद बालक वर्ग में प्रथम स्थान तरुण अग्रहरी, दूसरा स्थान अभिषेक, लंबी कूद बालिका वर्ग मै प्रथम स्थान मोनिका व मानसी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद बालक वर्ग में प्रथम स्थान कलश तिवारी, दूसरा स्थान ओमकार चक्रवर्ती तों बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पिंकी पाल व दूसरा स्थान स्वाति काछी ने प्राप्त किया। तवा प्रतियोगिता बालक वर्ग में प्रथम स्थान आकाश, दूसरा स्थान विक्रम तों बालिका वर्ग में निशा यादव तों दूसरा स्थान खुशबू सिंह ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र सिंह ठाकुर ने किया।

समापन कार्यक्रम में बालक व बालिका वर्ग की विजेता टीम व प्रथम व दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# प्रतियोगिताओं से बच्चों को मिलेगा प्रोत्साहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, वेंकट वार्ड शाला परिसर में शाला संस्था द्वारा छात्र-छात्राओं को खेल प्रतियोगिताओं में आगे बढ़ने के उद्देश्य से विद्यालय में बच्चों के लिए वॉलीबॉल एवं फुटबॉल सहित खेलों के प्रोत्साहन हेतु छात्रों को खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाकर शाला स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं की औपचारिक शुरुआत की गई। विद्यालय स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती बीना बैनर्जी द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश नारायण द्विवेदी सहित समस्त शाला स्टाफ की उपस्थिति रही।

प्रतियोगिता का शुभारंभ करने शाला पहुंची महापौर श्रीमती सूरी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिता छात्र जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। खेल छात्रों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास में सहायक होते है बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। इस दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने प्रतियोगी छात्रों से उनके रुचिकर खेलों के संबंध में जानकारी ली तथा खूब मन लगाकर पढ़ाई करने की सीख देते हुए नगर का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित भी किया।



### प्रदान किया प्रशस्ति पत्र

खेल प्रतियोगिता के दौरान राज्य स्तर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर महापौर श्रीमती सूरी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनकी सराहना की तथा विद्यालय प्रबंधन को इस प्रकार की शैक्षिक एवं बौद्धिक गतिविधियों का आयोजन कर निरंतर प्रोत्साहित करने हेतु बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### शिवसेना कल करेगी किसान आंदोलन

**छतरपुर।** शिवसेना नगर इकाई द्वारा छतरपुर जिले मे चल रही खाद की समस्या को लेकर सटई रोड मंडी में किसानो के साथ मिलकर आंदोलन किया जायेगा। युवा सेना जिलाध्यक्ष नीतेश तिवारी के नेतृत्व मे सैकड़ो शिवसेनिक स्थानीय मोटे के महावीर मंदिर से सटई रोड मंडी तक वाहन रैली के रूप में पहुंचेंगे जहाँ आंदोलन किया जायेगा एवं किसानों को पर्याप्त खाद मिले इसके लिए ज्ञापन भी दिया जायेगा। इस कार्यक्रम में शिवसेना जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी, संभाग प्रमुख पवन सोनी, कृष्ण विहारी गुप्ता शामिल होंगे।

### करंट की चपेट में आया किशोर, खेत पर पंप चलाते समय दर्दनाक मौत

**छतरपुर।** नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बनगांय में करंट लगने से 16 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान अनिल कुशवाहा के रूप में हुई है। घटना के बाद से परिजनों में मातम पसरा हुआ है और गांव में शोक का माहौल है। परिजनों के अनुसार अनिल अपने खेत पर पंप चलाने गया था। इसी दौरान पंप चालू करते समय उसके हाथ में तेज करंट लग गया, जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के समय खेत पर कोई मौजूद नहीं था। करीब दोपहर 12:30 बजे जब परिजन खेत पर पहुंचे तो पंप बंद मिला। पास जाकर देखने पर अनिल जमीन पर बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। परिजन उसे तत्काल निजी वाहन से छतरपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में दिखा अनोखा नज़ारा

**छतरपुर।** विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में उस समय अद्भुत दृश्य देखने को मिला जब स्विट्जरलैंड से आए विदेशी पर्यटक मिस्टर मिचेल मोरेल एवं मिसिस रमौना आधुनिक लग्जरी गाड़ियों को छोड़कर गांव की पारंपरिक बैलगाड़ी में भ्रमण करते नजर आए। विदेशी सैलानी भारत की ग्रामीण परंपरा, रहन-सहन, बुंदेलखंड की बोली, रीति-रिवाज और सरल सामाजिक जीवन से इतने प्रभावित हुए कि वे स्वयं को इस वातावरण में पूरी तरह घुला-मिला हुआ महसूस करते दिखे। विदेशी पर्यटकों का प्राचीन बैलगाड़ी में सवारी करना न सिर्फ स्थानीय संस्कृति के प्रति उनके सम्मान को दर्शाता है,।

---

राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने किया भूमि पूजन

# 78 वर्षों में पहली बार आदिवासी ग्राम को मिली सड़क की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा




जबेरा के नजदीकी ग्राम नारायणपुर (डेरा) जो की जबेरा से मात्र 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है वही ग्राम आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं बरसों से ग्रामवासी उक्त ग्राम में सड़क की मांग करते रहे तब कहीं जाकर के आज उनकी मांग पूरी होती दिखाई दे रही है उक्त मांग की पूर्ति करते हुए ग्राम नारायणपुर से दुगा नी तक सड़क निर्माण के लिए दो करोड़ 71 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का भूमि पूजन स्थानीय विधायक एवं मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के द्वारा किया गया ज्ञात हो की स्थानीय लोगों के द्वारा पिछली कई वर्षों से यह मांग की जा रही थी जो आज जाकर के वर्तमान विधायक एवं मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के प्रयासों से इस रोड की स्वीकृति प्रदान हुई है इस सड़क के निर्माण से लगभग चार आदिवासी ग्राम लाभान्वित होंगे। उक्त अवसर पर भूमि पूजन करते हुए मंत्री श्री लोधी ने कहा कि निश्चित ही इस बहु प्रतीक्षित मांग को पूर्ण करने का मुझे अवसर प्राप्त हुआ है इस मार्ग के निर्माण से आवागमन के लिए सुविधा प्राप्त होगी जिससे रोजगार की प्राप्ती एवं जमीनों की कीमतों में बढ़ोतरी होगी परिणाम स्वरूप यहां का किसान आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा। भारतीय जनता पार्टी की सरकार निरंतर विकास कार्यों को लेकर गंभीर है एवं विकास के कार्य कर रही है। हर ग्राम में सड़क ,सामुदायिक भवन ,पंचायत भवन ,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, खेल स्टेडियम, तालाबों का निर्माण आदि कार्य निरंतर जबेरा विधानसभा सहित संपूर्ण मध्य प्रदेश में किए जा रहे हैं। हम निरंतर विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए लाडली बहन योजना किसान सम्मन निधि हर घर नल जल योजना लाड़ली लक्ष्मी योजना प्रतिवर्ष 5 लख रुपए तक का निशुल्क उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड ,हर गरीब परिवार के लिए प्रधानमंत्री आवास, जैसे विभिन्न विकास कार्यों को लेकर के कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे ,रानू नामदेव ,राजेश सिंघाई ,रवि शंकर, मूरत सिंह ,विनोद मलैया, ग्राम सरपंच सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र वासियों की उपस्थिति रही।

## झाड़ियों पर जमी ओस, दोपहर तक छाया रहा घना कोहरा



**हटा।** शनिवार को सुबह के समय क्षेत्र में सर्दी का घना कोहरा छाया रहा। इस घने कोहरे के कारण जनजीवन दोपहर तक प्रभावित हुआ। खासकर यातायात सेवाएं खासी प्रभावित रहीं। टू व्हीलर और बड़े वाहनों को भी सुबह लाइट जलाकर चलना पडा। शनिवार की सुबह पत्तों पर ओस की बूंदे जमी दिखाई दीं। यहां उल्लेखनीय है कि इलाके में तापमान में अचानक से गिरावट आ रही है। अलसुबह कोहरे की वजह से विजिबिलीटी भी घट गई है। जिससे सड़क हादसों का खतरा बढ़ गया है। जिसको देखते हुए यातायात विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। वहीं इन दिनों इलाके का न्यूनतम तापमान 8 से 9 डिग्री सेल्सियश तक पहुंच रहा है और दिन का अधिकतम तापमान 27 से 28 डिग्री सेल्सियश तक बना हुआ है। मौसम की जानकारी देने वाली वेबसाइटों के अनुसार तापमान में गिरावट की यह स्थिति आगामी दिनों तक इसी तरह बनी रहने के पूर्वानुमान हैं।

## सांदीपनि विद्यालय में हुई पालक-शिक्षक बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

नगर स्थित सांदीपनि विद्यालय में शनिवार को कक्षा तीन से आठ तक के माध्यमिक विभाग के विद्यार्थियों का अर्धवार्षिक मूल्यांकन परिणाम अभिभावकों के साथ साझा करने हेतु पालक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति से अभिभावकों को अवगत कराना एवं विद्यालय तथा अभिभावकों के बीच समन्वय स्थापित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों को बच्चों की शैक्षणिक उपलब्धियों, सहशैक्षणिक गतिविधियों तथा विद्यालय द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही अभिभावकों से विद्यालय के शैक्षणिक एवं भौतिक विकास, अनुशासन तथा गुणवत्ता सुधार को लेकर सुझाव भी प्राप्त किए गए। विद्यालय प्रबंधन द्वारा गुणवत्ता सुधार की आगामी कार्ययोजना से भी अभिभावकों को अवगत कराया गया। सम्मान समारोह के माध्यम से विद्यार्थियों में परिश्रम, अनुशासन एवं निरंतर उपस्थिति के प्रति प्रेरणा देने का प्रयास किया गया। प्राचार्य बहादुर सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित न रहकर बच्चों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। अभिभावकों के सहयोग से ही विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान किया जा सकता है।इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य बहादुर सिंह, माध्यमिक प्रभारी श्रीमती नीतू हजारी तथा प्राथमिक प्रभारी मदन सिंह द्वारा कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

ब्लाक कांग्रेस ने डीआरएम को सौंपा ज्ञापन, 30 दिन में स्टापेज शुरू न होने पर आंदोलन की चेतावनी

# पथरिया में विंध्याचल एक्सप्रेस का स्टापेज बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कोविड-19 काल के दौरान बंद की गई विंध्याचल एक्सप्रेस (ट्रेन क्रमांक 11271/11272) का पथरिया रेलवे स्टेशन पर स्टापेज अब तक पुनः प्रारंभ नहीं किए जाने से क्षेत्र में भारी जनआक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में ब्लॉक कांग्रेस पथरिया ने जिलाध्यक्ष मानक पटेल, पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मंडल रेल प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र स्टापेज बहाल करने की मांग की है।

जिलाध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि बीना–कटनी रेलखंड के अंतर्गत पथरिया रेलवे स्टेशन पर विंध्याचल एक्सप्रेस का स्टापेज वर्षों से रहा है, जिसे कोविड-19 महामारी के दौरान अस्थायी रूप से बंद किया गया था। वर्तमान में देशभर में रेल सेवाएं सामान्य हो चुकी हैं, इसके बावजूद पथरिया स्टेशन पर स्टापेज बहाल न किया जाना क्षेत्रवासियों के साथ अन्याय है। पथरिया नगर धार्मिक, औद्योगिक एवं सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। आसपास के गढ़ाकोटा, रहली, देवरी सहित कई क्षेत्रों के यात्री पथरिया स्टेशन पर निर्भर रहते हैं। सोयाबीन प्लांट, विरागोदय तीर्थ जैसे प्रमुख संस्थान भी इसी स्टेशन से जुड़े हैं। स्टापेज बंद होने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा "कोविड समाप्त हुए काफी समय हो चुका है और देशभर में ट्रेनें नियमित रूप से चल रही हैं। इसके बावजूद पथरिया जैसे महत्वपूर्ण स्टेशन पर स्टापेज बंद रखना रेलवे की उदासीनता को दर्शाता है। यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो जनाक्रोश और तेज होगा।" लक्ष्मण सिंह ने कहा "पथरिया और आसपास के ग्रामीण अंचल के नागरिक सबसे अधिक प्रभावित हैं। यात्रियों को मजबूरी में अन्य स्टेशनों तक जाना पड़ता है। रेलवे को 30 दिवस के भीतर स्टापेज पुनः प्रारंभ करना चाहिए, अन्यथा आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।" कॉग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय-सीमा में विंध्याचल एक्सप्रेस का स्टापेज पुनः प्रारंभ नहीं किया गया, तो क्षेत्रवासी धरना-प्रदर्शन एवं अन्य लोकतांत्रिक आंदोलन करने को विवश होंगे। ज्ञापन सौंपने पर संजय चौरसिया, पूर्व नगर परिषद ठा लक्ष्मण सिंह, पथरिया ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप पटेल, पूर्व प्रदेश सचिव रत्नेश सोनी, एड नरेश राठौर, एड राजू दुबे, पूरन कुशवाहा, रामलाल अहिरवार, किशोरी कुशवाहा, अजय सिंह, छत्रपालसिह पिकी दुबे , शुभम चौबे, पार्षद गणेश कुशवाहा, पीरअली पार्षद सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## जल संरक्षण के लिए किया बोरी बंधान



**झलौन।** जन अभियान परिषद द्वारा शासन की मंशानुसार जल संचय अभियान क़े तहत ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्राम बांसा में बोरी बंधान बनाया गया जिसमे ग्राम बिकास प्रस्फुटन समिति झलौन ओर पुरा के सहयोग से बोरी बंधान बनाकर जल को रोककर भूजल बढ़ाने क़े लिए किसान भाइयो ओर प्रेरित किया। इस अवसर पर मौजूद संस्था,, स्व श्री राम सिंह लोधी समग्र कल्याण समिति पुरा करोंदी ओर प्रस्फुटन समिति पुरा क़े अध्यक्ष दुर्जन सिंह, एम एस डब्ल्यू छात्र सुरेंद्र सिंह, सदस्य भवानी सिंह, किसान भूरा सींग आदिवासी, झलौन समिति अध्यक्ष मुकेश जैन, सचिव एवं एम एस डब्ल्यू छात्र चंद्रप्रताप सिंह, सदस्य महाराज सींग, तुलसी सेन जी की उपस्थिति रही ।

## हजरत ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स मौके पर सन्दली चादर निकाली



**हिण्डोरिया।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी सर्वधर्म सदभाव एवं कौमी एकता के प्रतीक, गंगा जमुनी संस्कृति एवं तहजीब के परिचायक,महान संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला अलैह के 814 वां उर्स शरीफ के मौके पर नगर के प्रमुख मार्गो पर सन्दली चादर बड़ी अकीदत एवं अनुशासन के साथ निकाली गई। सबसे पहले नगर एवं आसपास के ऐतराफ के सैकड़ों ख्वाजा गरीब नवाज के दीवाने वार्ड नं. 07 स्थित खान काह नूरी फरीदी परिसर में एकत्रित हुये। यहां से बाद नमाज असर के लगभग 05 बजे शाम से आतिशबाजी, बाजे-गाजे, डीजे, दलदल-घोडी. नृत्य,बग्गी, ख्वाजा गरीब नवाज के मझार- ए- अकदस की सीनरी के साथ एक विशाल सन्दली चादर जुलूस नगर की सड़कों पर निकाला गया। सन्दली चादर जुलूस का हजरत बाबा मेहबूब शाह रहमतुल्लाह अलैह के मजार परिसर मे फातेहा एवं तबरूक वितरण के साथ समापन किया गया। सन्दली चादर जुलूस का अकीदतमंद हजरात व्दारा रास्ते भर इस्तकबाल किया गया। जुलूस मे टीआई धर्मेन्द्र उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद रही। सन्दली चादर जुलूस इंतजामियां कमेटी के सदर सलामत खान, वारिश खान, असद खान, जैकी, बसीम, गोलू, उवैश, जफर सेठ , सुजात खान शहजाद कुरैशी आदि ने प्रोग्राम की कामयाबी मे सहयोगी रहे सभी भाईयों का शुक्रिया अदा किया है।

## छात्र संवाद का आयोजन



**दमोह।** हटा के शासकीय राघवेन्द्र सिंह हजारी कॉलेज में स्टूडेंट फार वन नेशन वन इलेक्शन छात्र संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं इसके समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया ने बताया कि एक राष्ट्र एक चुनाव बहुत जरूरी हैं और इसके सकारात्मक परिणाम देखने मिलेगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डां रोहिन राय प्रदेश संयोजक स्टूडेंट फार वन नेशन वन इलेक्शन ने बताया कि आज देश में बार बार चुनाव होने से बार बार अचार संहिता लगती हैं जिससे विकास कार्य रुक जाते हैं और सरकार का बहुत सारा पैसा जो विकास कार्य मे लगना चाहिए वो व्यर्थ में खर्च होता हैं अगर वह पैसा बचे तो शैक्षणिक कार्यों में खर्च होगा । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला महामंत्री अरुण तिवारी ने कहा विकसित भारत के लिए नींब का पत्थर साबित होगा वन नेशन वन इलेक्शन और जेन जी निभाएगा देश के निर्माण में बढ़ी भूमिका । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख रामलाल पटेल जी ने बार बार चुनाव होने से चुनाव में शिक्षकों की ड्यूटी से शैक्षणिक कार्य प्रभावित होते हैं इस दिशा में सुधार की आवश्यकता है । कार्यक्रम का सफल संचालन स्टूडेंट्स फॉर वन नेशन वन इलेक्शन के जिला संयोजक एड विवेक मोदी ने किया एवं आभार जिला सह संयोजक हर्ष प्रतीक कुसमरिया ने माना।कार्यक्रम में ललित पालीवाल, धनेश्वर विलोहा, नीलेश ताम्रकार ,विधान परासर, अखिलेश चौबे,मयंक कोरी, प्रिंस दीप खटीक, गर्वेश राजपूत, प्रभांशु जैन ,ओम साहू , जया नामदेव,के साथ कालेज प्रोफेसर एवं स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

## श्रद्धांजलि सभा में मृत्यु भोज बंद करने लिया फैसला

**तेन्दूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत जामुनखेड़ा में 15 दिसंबर को पंचतत्व में विलीन हुए खुशीराम अहिरवार की तेरहवीं कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों द्वारा मृत्यु भोज बंद करने का फैसला लिया है जहां समाज के लोगों ने श्रद्धांजलि सभा कर ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए सभी लोगों ने उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परिवार में उनके पिता श्री मोतीलाल ,बड़े भाई प्रीतम एवं भाई संतोष उनकी पत्नी एवं पुत्र शिवम अहिरवार को सांत्वना दी, इस दुख की कठिन परिस्थिति से निकलने के लिए सभी ने साहस एवं संबल दिलाने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की । रविदासिया धर्म संगठन के आचार्य श्री रामदयाल शास्त्री जी द्वारा श्री संत रविदास जी की अमृतवाणी अरदास कर कार्यक्रम संपन्न करवाया उन्होंने सभी में समाज के सभी लोगों को नशा मुक्त रहने को कहा गया इस दौरान अजाक्स संगठन के तहसील अध्यक्ष गनेश प्रसाद अहिरवार, ब्लॉक अध्यक्ष मानक लाल एवं सूर्यवंशी अहिरवार जाटव समाज संघ के अध्यक्ष उत्तम प्रसाद अहिरवार ,डॉ राजेश सभी ने पंचतत्व में विलीन आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित कर कहा कि हम सभी डॉ भीमराव अंबेडकर संत, महापुरुषों के बताएं पद चिन्हौ पर चलकर ही समाज का उत्थान किया जा सकता है अगर हमें समाज में सुधार लाना है तो हमें समाज में शिक्षा का प्रचार प्रसार एवं बच्चों को पढ़ना होगा, शिक्षा से ही समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वास को समाप्त किया जा सकता है हमें मृत्यु भोज पर प्रतिबंध लगाना होगा, शादी विवाह एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में हो रहे फिजूल खर्च को बंद करना होगा । इस मौके पर खमरिया से दीवान दासी सुंदर ब्रह्मदास ,सेहरी से सभापति संतोष, पूर्व बीडीसी राम सिंह, रेवाराम मिस्त्री, चेतू सारसबगली राजेंद्र प्रसाद शिक्षक, बिजोरा से बलराम, कडोरी, मुरलीधर,पूर्व सरपंच रविशंकर जामुनखेड़ा, हरिशंकर, कालूराम पान्जी , सुरेश , कारी, मदन, मिलन, चन्नू कालूराम, डब्बू .जामुनखेड़ा गुड्डू ,सैकड़ो लोगों की उपस्थिति रही।

## नीति आयोग की टीम ने किया कृषि विज्ञान केन्द्र का भ्रमण, कृषि विकास पर हुई चर्चा



**दमोह।** भारत सरकार, नीति आयोग नई दिल्ली की टीम के तकनीकी अधिकारी संतोष मिश्रा द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र दमोह का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्र दमोह की सभी प्रदर्शन इकाइयों का अवलोकन किया तथा उपसंचालक कृषि कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि दमोह जी.एल.अहिरवार, सहायक संचालक कृषि एस.एल. कुर्मी एवं जिला तकनीकी सलाहकार गिरवर पटेल द्वारा दमोह जिले की कृषि परिस्थितियों, फसल विविधता एवं भविष्य की कृषि कार्ययोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में जिले में आधुनिक तकनीकों के माध्यम से कृषि विकास को लेकर सार्थक चर्चा हुई। इसके पश्चात कृषि विज्ञान केन्द्र दमोह के छात्रों द्वारा ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव की जानकारी प्रस्तुत की गई। अतिथियों द्वारा कृषकों के हित में तकनीकी मार्गदर्शन केन्द्र के वैज्ञानिकों एवं छात्रों को आवश्यक सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवाचारी युवा कृषक समीर द्वारा "कृषक मित्र छड़ी" का प्रदर्शन किया गया, जिसे उपस्थित कृषकों एवं अधिकारियों ने सराहा। वहीं, प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. मनोज कुमार अहिरवार,कृषि विज्ञान केन्द्र दमोह द्वारा दमोह जिले में अपनाई जा रही उन्नत कृषि तकनीकों एवं नवाचारों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक बी.एल. साहू, डॉ. आर.के. द्विवेदी, राजेश खावसे, सभी छात्र एवं बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

# बेहतर पुलिसिंग के साथ समाजसेवा बनी पहचान

### हटा टीआई विभागीय कार्य के अलावा गरीबों और सोशल मीडिया के हीरो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



पुलिस की वर्दी के सितारे अब भी मुझे लुभाते हैं, क्योंकि पुलिसवाले समाज को रहने लायक बनाते हैं, शायर के यह अल्फ़ाज़ वर्तमान हटा थाना प्रभारी पर सटीक बैठती है जो देश भक्ति जन सेवा के नारे को बुलंद कर खुले दिल से पीड़ित शोषित मानवता के हीरो बने हुए है। दरअसल हम बात कर रहे है, पुलिस थाना हटा में पदस्थ पुलिस निरीक्षक सुधीर बेगी की जिला पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में जो पुलिस अफसर का फर्ज निभाने के साथ-साथ पीड़ित शोषित मानवता को पोषित करने में जुटे हुए है। जब भी महिलाएं बच्चे बुजुर्ग उनके पास पहुंचते है तो वह भी लोगों की मदद करने एवं बच्चों को जीवन पर और रहन सहन, स्वास्थ्य जीवन और शिक्षा टिप्स देते है। अभी बीते दिनों पूर्व श्री बेगी एवं उनकी पत्नी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। जिसमें वह दोनों गरीब परिवार के बच्चों को नहलाकर उन्हें साफ स्वच्छ रहने की सलाह के साथ नए कपड़े पहनाते हुए नजर आते है। जिसपर बड़ी संख्या में सोशल मीडिया के दर्शकों ने पसंद कर उन्हें काफी सराहा है। टीआई श्री बेगी की हटा थाने की पदस्थापना से प्रतिदिन बच्चों एवं ज़रूरत मंद लोग पहुंचते है, जिनकी वह सामाजिक लोगो की मदद से सभी की मदद करने का प्रयास करते है।

### जरुरतमंदों की आंखों में दिखाई देती है खुशी

थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि 'जब हम गरीब जरूरतमंद महिलाओं को कंबल दे रहे थे तो वहां उनकी आंखों में जो तृप्त खुशी थी, वह शब्दों में नहीं बताई जा सकती। उन्होंने कहा कि अमीर वह नहीं है जो महंगे कपड़े पहनकर और अपने ऊपर लाखों खर्च करके खुद को बड़ा बताता है। वास्तविक अमीरी वह है जो दूसरे के दुख को समझे, उसके दर्द को कम करे और उसकी मजबूरी और ठंड को समझ कर थोड़ा गर्म, थोड़ा सुरक्षित बना कर राहत दे। सेवा भौतिक वस्तु का दान मात्र नहीं है, बल्कि किसी थके हुए जीवन में आशा की रोशनी जगाने का एक छोटा सा प्रयास है। हमारे साथ समाज सेवा के कार्य में नगर की कुछ समाजसेवी भी सहयोग कर रहे हैं।

### परोपकार से मन को मिलती है शांति

थाना प्रभारी ने बताया कि परोपकार से मन शांत होता है और ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। जीवन क्षणभंगुर है, इसलिए अच्छे कार्य का समय हमेशा यही वर्तमान होता है। यदि हम अपने जीवन का केवल एक प्रतिशत समय भी समाज के लिए दें, तो दुनिया स्वभावतः सुंदर हो सकती है। जब भी में कोई सेवा अभियान शुरू करता हूं तो समाजसेवी भी आगे बढ़कर आ जाते है। दुनिया केवल अच्छी ही नहीं, बल्कि उसे अच्छा बनाए रखना हमारा कर्तव्य है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस करेगी धरना प्रदर्शन

**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने जिले के समस्त ब्लॉक अध्यक्षो मोर्चा संगठनो प्रकोष्ठो विभागो के पदाधिकारियों से अनुरोध किया है कि भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलना सबसे महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी कानून से महात्मा गांधी के नाम और मूल्यो को मिटाने का सुनियोजित साजिश है। इस योजना में राज्यो पर हिस्सेदारी को बोझ डालकर केन्द्र सरकार अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है। यह बदलाव केन्द्र सरकार द्वारा जनता के नाम के कानूनी अधिकार को ही समस्त करता है। तत्संबंध में दोपहर 1 बजे कांग्रेस धरना प्रदर्शन करेगी।

### जिले के सात विकासखंडों में 21 से 26 दिसंबर तक होंगे शिविर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना के अंतर्गत जिले में पशु स्वास्थ्य परीक्षण एवं बाँझता निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के सफल संचालन हेतु उपसंचालक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संबंधित विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। सभी अधिकारियों को अपने अधीनस्थ अमले के साथ निर्धारित तिथियों में शिविर आयोजित करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। शिविरों के आयोजन के लिए औषधि, स्टेशनरी एवं प्रचार-प्रसार सामग्री उपलब्ध कराई जा चुकी है। विकासखंड दमोह के ग्राम कालापानी, कादीपुर, रमपुरा एवं पालर में 21, 22, 24 एवं 26 दिसंबर को शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के लिए डॉ. बी.बी. शुक्ला को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। विकासखंड पटेरा के ग्राम बरखेरा बेस, कुंवरपुर, रमगढ़ा एवं कुड़ई में 21 से 24 दिसंबर तक शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों के नोडल अधिकारी डॉ. एच.एच. खान होंगे। इसी प्रकार विकासखंड हटा के ग्राम बिजवार, भिड़ारी, बंधा एवं कनकपुरा में भी 21 से 24 दिसंबर तक शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनके नोडल अधिकारी भी डॉ. एच.एच. खान नियुक्त किए गए हैं।

### झांसी ने हरियाणा को हराकर क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता

**दमोह।** एम.एच. क्लब के तत्वावधान में आयोजित स्वर्गीय गिरीश सोनकिया स्मृति अंतर्राज्यीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला हरियाणा और झांसी (उत्तरप्रदेश) के बीच खेला गया। फाइनल मैच में झांसी ने टॉस जीतकर हरियाणा को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। हरियाणा की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 215 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी झांसी की टीम ने शुरुआत करते हुए शानदार प्रदर्शन किया और मात्र 15.4 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। पशुपालन, डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल ने विजेता झांसी टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि का चेक प्रदान किया। उपविजेता हरियाणा टीम को 20 हजार रुपये की राशि का चेक एवं ट्रॉफी दी गई। उन्होंने एम.एच. क्लब के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। टूर्नामेंट में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार यस जुल्कर को (40 रन एवं 4 विकेट) तथा मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार राहुल कुशवाहा को (94 रन एवं 4 विकेट) प्रदान किया गया।

### बटियागढ़ थाना अंतर्गत बेलखेड़ी में मिली थी युवक की लाश

# अंधे हत्याकांड का पर्दाफाश: शराब के नशे में विवाद के बाद की थी हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के बटियागढ़ थाना अंतर्गत बेलखेड़ी में पिछले दिनों हुई अंधी हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया गया है लेकिन मृतक मुरैना निवासी मलखान के परिजनों बारे में पता लगाना पुलिस के लिए अभी भी चुनौती बना हुआ है। एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने अंधे हत्या कांड का खुलासा करते हुए बताया की 7 दिसंबर को बटियागढ़ थाना के बेलखेड़ी गांव में एक खेत के समीप अज्ञात युवक की लाश मिली थी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच शुरू की। ग्रामीणों से जानकारी मिली कि बेलखेड़ी गांव का रहने वाला कलू उर्फ अजय देवलिया मुरैना जिले से 6 दिसंबर को अपने साथ एक मजदूर को लेकर आया था। 7 दिसंबर की रात शराब के नशे में दोनों के बीच विवाद हुआ और आरोपी अजय ने माखन का बाइक से पीछा करने के बाद उसे सिर के बल पटक दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव को ले जाकर खेत के समीप लिटा दिया। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया था। जिसकी पुलिस के द्वारा लगातार तलाश की जा रही थी। मृतक कि अभी तक कोई शिनाख्त नहीं हो पाई केवल उसका नाम पता चला है। ग्रामीणों ने बताया कि खेत मालिक अजय उसे अपने साथ लेकर आया था। आरोपी को जब मुरैना से गिरफ्तार किया तो उसने कबूल किया कि वह मजदूरों की मंडी से मृतक माखन को अपने साथ खेत पर मजदूरी करने के लिए लाया था। जहां शराब के नशे में उसका मजदूर से विवाद हो गया और उसने हत्या कर दी।

आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। एसपी ने बताया आरोपी का मुरैना आना-जाना लगा रहता था इसलिए उसे पता था कि मजदूर किस स्थान पर मिलते हैं। वहीं से वह मृतक को अपने साथ लेकर आया था। इस खुलासे में पथरिया एसडीओपी प्रिया सिंधी, बटियागढ़ थाना प्रभारी रजनी शुक्ला के साथ फुटेरा चौकी प्रभारी आनंद कुमार और साइबर सेल की टीम की मौजूदगी रही। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई बाइक क्रमांक MP 34 ZC 9966 को जब्त किया है।

### मंगोल में दो पक्षों के विवाद में हत्या



बटियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मंगोल में देव सिंह लोधी 38 वर्ष के साथ गांव के ही विश्वकर्मा परिवार के मारपीट कर हत्या कर दी। बाद उसकों डायल पुलिस वाहन 112 की मदद से बटियागढ़ स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर ड्यूटी का डॉक्टर मंसूर खान के द्वारा जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने बताया है कि देव सिंह घर के बाहर बैठे हुए थे तभी विश्वकर्मा परिवार के 8 से 9 लोग आए और उसकें साथ मारपीट करने लगे जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे 112 की मदद से बटियागढ़ स्वास्थ्य लाया गया। जहां पर युवक को डॉक्टर के द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस पूरे मामले की जांचकर रही है।

## एसपी के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट, पुलिस ने जारी की सख्त चेतावनी

**दमोह।** दमोह पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके नाम (श्रुतकीर्ति सोमवंशी) से फेसबुक पर एक फर्जी अकाउंट बनाया गया है। यह अकाउंट पूरी तरह से फर्जी है और इसका पुलिस अधीक्षक या पुलिस प्रशासन से कोई भी संबंध नहीं है। पुलिस अधीक्षक ने आम जनता को सतर्क करते हुए अपील की है कि इस फर्जी फेसबुक अकाउंट से किसी भी प्रकार का संपर्क न करें। साथ ही किसी भी स्थिति में अपनी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक डिटेल्स या किसी तरह की वित्तीय जानकारी साझा न करें। ऐसे फर्जी अकाउंट के माध्यम से लोगों को गुमराह करने और ठगी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। सख्त कानूनी कार्रवाई के निर्देश पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस तरह का फर्जी अकाउंट बनाना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। फर्जी अकाउंट बनाने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और दोषी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। साइबर सेल ने शुरू की जांच मामले को गंभीरता से लेते हुए दमोह पुलिस की साइबर सेल ने तत्काल जांच शुरू कर दी है। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर फर्जी अकाउंट बनाने वाले आरोपी की पहचान की जा रही है और उसे शीघ्र गिरफ्तार कर कानूनी रूप से दंडित किया जाएगा। इसके साथ ही फेसबुक प्लेटफॉर्म को भी इस फर्जी अकाउंट की जानकारी दे दी गई है, ताकि अकाउंट को जल्द से जल्द हटाया जा सके और भविष्य में इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। पुलिस प्रशासन ने जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध सोशल मीडिया अकाउंट की जानकारी तुरंत पुलिस या साइबर सेल को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## भावांतर योजना में हेराफेरी, नहीं हुई निष्पक्ष कार्यवाही

**पथरिया।** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा तय एमएसपी से कम दाम पर भावांतर योजना बनाई जिसमें अगर किसानों को मंडी में एमएसपी से कम रेट मिलेगा तो माडल रेट निकाल कर भावांतर योजना के तहत अंतर की राशि दी जाएगी। लेकिन जैसे की पहले अनुमान था कि किसानों से ज्यादा व्यापारियों के लिए वरदान साबित होगी और ऐसा कृषि उपज मंडी में देखने को भी मिल गया। मंडी 5000 किवंटल तक की हेरफेर हुई, वहां जांच टीम द्वारा छोटे रूप में कार्यवाही कर दी गई। कार्यवाही में 15-20 से 98 किवंटल की हेरफेर की एफआईआर दर्ज हुई जिसकी जानकारी जब बाहर आई तो चर्चा का बाजार गर्म हो गया। 2 फर्म में करीब 2833 किवंटल की हेरफेर से वह बच गए और जहां 15-20 से 98 किवंटल रहा वहां कार्यवाही की गई। जबकि 5 व्यापारियों पर मामला दर्ज होना था। व्यापारियों की फर्म पर जांच की गई जिसमें अनिल कुमार मुन्नालाल पर लगभग 2400 किवंटल एवं वर्धमान फर्म लगभग 433, राजेश दाल मिल पर 16 किवंटल,जैन ट्रेडिंग कंपनी 77 किवंटल, महेंद्र ब्रदर्स ऑयल मिल पर 98 किवंटल अधिक पाया गया। कलेक्टर के निर्देश पर 5 लोगों पर एफआईआर दर्ज होना थी परंतु उच्च अधिकारियों ने ना जाने क्या हुआ कि जब एफआईआर दर्ज हुई तो 2 नाम छोड़ बाकि 3 पर कार्यवाही कर दी। जैसे ही मामला सामने आया सबको जानकारी लग गई कि आखिर जिला कलेक्टर के निर्देश के बाद भी अधिकारियों ने दो फर्म पर कार्यवाही होने से बचा लिया। बाकि 3 पर कार्यवाही कर दी गई। उक्त मामले में व्यापारियों द्वारा भी अपनी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है। कुछ का कहना है सबसे ज्यादा जहां हेरफेर हुई वहां टीम जांच करते ही कुछ नही कर पाई तो दूसरे जगह भी ऐसे ही किया और जहां 100 किवंटल से भी कम रहा उन पर एफआईआर दर्ज कराई गई। वही इस संबंध में प्रभारी मंडी सचिव महिपाल सिंह से बात करना चाहा तो उनका मोबाइल रिसीव नहीं हुआ।

## ग्राम झलों वासियों ने सौंपा ज्ञापन

**जबेरा।** जबेरा के नजदीकी ग्राम नारायणपुर में जिस समय क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री महोदय सड़क निर्माण का भूमि पूजन करने गए थे। उसी समय भूमि पूजन के पश्चात जब मंत्री महोदय सभा को संबोधित करने के पश्चात मंत्री महोदय का काफिला वापस जा रहा था। तभी ग्राम झलों के निवासियों ने ग्राम में निर्मित श्मशान घाट एवं खेल मैदान में बाउंड्री बाल की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपते हुए। मंत्री जी को बताया कि ग्राम एवं आसपास के कुछ लोगों की द्वारा ग्राम के एकमात्र श्मशान घाट, एवं खेल के मैदान में अवैध कब्जा करके खेती करना प्रारंभ कर दिया गया है। जिससे ग्रामीण वासियों को अत्यधिक परेशानी हो रही है। जब भी ग्राम में किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है। तो शमशान घाट में फसल बोने के कारण विवाद की स्थिति निर्मित होती है। अतः हम समस्त ग्रामवासी आपसे विनम्र निवेदन करते हैं की ग्राम के श्मशान घाट एवं खेल मैदान में बाउंड्री वॉल निर्मित कर दी जाए जिससे ग्राम के नव युवको एवं ग्राम वासियों को किसी प्रकार कीअसुविधा न हो नाही ग्राम में वाद विवाद की स्थिति निर्मित हो ।

## युवक पर चाकू से हमला, युवक गंभीर रूप से घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू दमोह में शिव मंदिर के पास शुक्रवार को तलवारबाजी और चाकू चलने की गंभीर घटना सामने आई है। इस हमले में संजू पिता अनिरुद्ध (रोहित) अहिरवार उम्र 21 वर्ष निवासी न्यू दमोह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल दमोह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजू पर तीन से चार लोगों ने तलवार, चाकू और डंडों से हमला किया। हमला इतना गंभीर था कि युवक लहूलुहान हालत में गिर पड़ा। ड्यूटी पर मौजूद रथ डॉक्टरों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही दमोह जिला अस्पताल में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे। नगर पुलिस अधीक्षक एच.आर. पांडे, कोतवाली थाना प्रभारी मनीष कुमार, देहात थाना प्रभारी रचना मिश्रा, जबलपुर नाका चौकी प्रभारी प्रशीता कुर्मी सहित पुलिस बल अस्पताल पहुंचा और घायल तथा परिजनों के बयान दर्ज किए।

परिजनों के अनुसार यह विवाद पहले भी झंडा लगाने को लेकर हुआ था, जो दोबारा उग्र हो गया और आज हिंसक रूप ले बैठा। परिजनों ने आरोप लगाया कि चार लोगों ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में सीएसपी एच.आर. पांडे ने बताया कि एक युवक तलवार और डंडों से घायल हुआ है। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम रवाना कर दी गई है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## बडी संख्या में पुलिस बल ने न्यू दमोह क्षेत्र में चलाया सर्च ऑपरेशन

**दमोह।** न्यू दमोह क्षेत्र में हाल ही में हुई चाकू-तलवार से जानलेवा हमले की सनसनीखेज घटना के बाद पुलिस ने बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया। सीएसपी एच आर पांडे, कोतवाली थाना प्रभारी मनीष कुमार, दमोह देहात थाना प्रभारी रचना मिश्रा एवं टीआई नेहा कारोलिया के नेतृत्व में शनिवार शाम देहात थाना पुलिस टीम ने दमयंती नगर अंतर्गत आने वाले न्यू दमोह के सी-ब्लॉक की सभी बिल्डिंगों में सघन तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान जिले के अन्य थानों के प्रभारी भी अपनी-अपनी टीमों के साथ क्षेत्र में घर-घर जांच करते नजर आए। पुलिस ने इलाके में रहने वाले और बाहर से आ-जा रहे संदिग्ध लोगों की जानकारी आसपास के रहवासियों से जुटाई। आने जाने वाले वजहों को रोककर पूंछताछ की। कई लोगों के पहचान पत्र और दस्तावेज भी चेक किए गए। यह कार्रवाई बीते दिनों न्यू दमोह निवासी संजू पिता अनिरुद्ध अहिरवार पर चार युवकों द्वारा विवाद के बाद चाकू व तलवार से किए गए जानलेवा हमले के बाद की गई है। जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने आरोपियों की गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही अराजकता और अनैतिक गतिविधियों की शिकायतों को देखते हुए यह सर्च ऑपरेशन चलाया गया। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध या आपराधिक गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।



# खानापूर्ति तक सिमटी पंचायतों में होने वाली ग्राम सभाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

शासन के आदेश अनुसार 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती एवं राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त और 26 जनवरी को प्रत्येक ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित करने एवं समय-समय पर लोगों को जानकारी देने के लिए ग्राम वासियों को बुलाकर ग्राम सभा करने का प्रावधान निर्धारित किया गया है लेकिन शायद ही कहीं पर नियम अनुसार ग्राम सभाएं होती हो अधिकांशता पंचायतों में मात्र खानापूर्ति करने के लिए ही पंचायत भवन खोले जाते हैं ना ही विधिवत ग्राम सभा की जाती हैं और ना ही लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाती है हमारे हरिभूमि संवाददाता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने जब ग्रामीण क्षेत्र की मुहरई, दादपुर, खमरगौर, तेवरैया,गरैह, आदि ग्राम पंचायतों में पहुंचकर लोगों से संपर्क किया तो लोगों ने बताया कि हमारी पंचायतो में ना तो हम लोगों को शासन की जानकारी मिलती है और ना ही ग्राम सभा में बुलाया जाता है सरपंच सचिव बैठकर ही अपने हिसाब के प्रस्ताव बनाकर पंचायत में पास कर लेते हैं कुछ पंचों ने भी अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर हरिभूमि को बताया कि हम लोग पंचायत में सिर्फ कहने के लिए ही पंच हैं हम लोगों को पंचायत के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी जाती है हमें पंचायत में डाले गए प्रस्ताव के संबंध में जानकारी नहीं दी जाती है, यहां पर विचारणीय पहलू यह बनता है कि जब पंचायत द्वारा आयोजित ग्राम सभा में ग्रामीण जन नहीं पहुंचते हैं तो फिर कोरम पुरा कैसे हो जाता है पंचायतों में प्रस्ताव पारित कैसे हो जाते हैं क्षेत्र वासियों के बताएं मुताबिक कुछ ग्राम पंचायतें तो ऐसी भी है कि जो वर्ष में राष्ट्रीय पर्व पर ही खुलती हैं बाकी के समय अधिकांशिता बंद रहती हैं कुछ लोगों का तो यह तक कहना है कि ग्राम सभा तो मात्र दिखावा के लिए की जाती है पंचायत के प्रस्ताव तो सरपंच और सचिव अपने कुछ खास पंचों के साथ बैठकर अपने मनमर्जी के प्रस्ताव डालकर कार्य करते हैं सिर्फ औपचारिकता के लिए कभी कभार पंचायत में कुछ लोगों को बुलाकर ग्राम सभा की रस्मे निभाई जाती हैं, संबंधित पंचायतों के हितग्राही बताते हैं कि हम लोगों को कभी ग्राम सभा में ना तो गरीबी रेखा की सूची पढ़ कर सुनाई गई और ना ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदाय कराई जाती है, गौरतलब है कि ग्राम पंचायत दादपुर, मुहरई, खमरगौर में व्याप्त अनियमिताओं की शिकायते समय-समय पर ग्रामीणों द्वारा की जाती रही है, ग्राम पंचायत खमरगौर में हुए निर्माण कार्य मे हुई अनियवक्ताओं को लेकर स्वयं पंचायत सचिव अनिरुद्ध सिंह राजपूत द्वारा विगत कुछ माह पूर्व उच्च अधिकारियों से लिखित में शिकायत की गई थी इसके बाद सरपंच द्वारा सचिव अनिरुद्ध सिंह की शिकायत की गई थी जिस पर सचिव को निलंबित भी कर दिया गया था लेकिन सचिव द्वारा हाईकोर्ट से स्टे ऑर्डर लाकर निलंबित पर रोक लगा दी गई हैं और सचिव खमरगौर पंचायत में ही कार्यरत है, यह बहुचर्चित मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है, ग्रामीण जनों द्वारा पंचायतों मे व्याप्त अरिमिकताओं पर रोक लगाए जाने की मांग की हैं।

### इनका कहना है

पंचायतों में नियम अनुसार ग्राम सभा होना चाहिए और हितग्राहियों को शासन की योजनाओं की संपूर्ण जानकारी दी जानी चाहिए

**संजीव गोस्वामी जनपद सीईओ हटा**

## राज्यमंत्री ने आदिवासी बाहुल्य ग्राम जांगुपुरा का किया भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल द्वारा बटियागढ़ विकासखंड के आदिवासी बाहुल्य ग्राम जांगुपुरा का भ्रमण किया गया। भररमण के दौरान उन्होंने दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण का निरीक्षण किया।इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री पटेल ने पशुपालक हरगोविंद आदिवासी एवं भगत सिंह आदिवासी के निवास पर पहुँचकर अभियान के अंतर्गत दी जा रही जानकारी के संबंध में पशुपालकों से चर्चा की। उन्होंने दूध उत्पादन के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु किसानों से सेक्स सॉर्टेड सीमन के माध्यम से पशुओं का गर्भाधान कराने का आग्रह किया, जिससे नस्ल उन्नयन एवं दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हो सके। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा किसानों एवं पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, जिनमें दूध उत्पादन को दुगना करना एक प्रमुख उद्देश्य है। इसी क्रम में 31 दिसम्बर 2025 तक दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत पशुपालकों को कृत्रिम गर्भाधान, संतुलित पशु आहार एवं टीकाकरण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार पशुपालकों को उनके उत्पादित दूध का उचित मूल्य दिलाने हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसके लिए दुग्ध समितियों का गठन किया जा रहा है। सरकार द्वारा प्रदेश में 52,000 दुग्ध समितियों के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके।

### क्या है साल के सबसे छोटे दिन और सबसे लंबी रात के पीछे का विज्ञान- सारिका

## साल का सबसे छोटा दिन और सबसे लंबी रात का रविवार आज- सारिका घारू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



रविवार (21 दिसंबर) को आप दिन के काम जल्दीर निपटा लें । आज दिन जल्दी बीतेगा क्यों कि आज की रात इस साल की सबसे लंबी रात है । नेशनल अवार्ड प्राप्त2 विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि खगोल विज्ञान की भाषा में इस घटना को विंटर सोलस्टिस कहा जाता है जिसमें आज सूर्य की किरणें मकर रेखा पर लबंवत होने जा रही हैं । यह स्थिति आज भारतीय समयानुसार रात 8 बजकर 33 मिनिट पर होगी । इस समय के बाद सूर्य की कर्क रेखा की ओर उत्त रायण यात्रा आरंभ होगी । सारिका ने इसका वैज्ञानिक कारण बताया कि पृथ्वीर अपने अक्ष पर साढ़े तेईस डिग्री झुकी हुई सूर्य की परिक्रमा कर रही है । इस परिक्रमा के दौरान आज उत्तनरी गोलार्द्ध सूर्य से अपनी अधिकतम दूरी पर है । इस समय उत्तररी गोलार्द्ध पर सूर्य की किरणें तिरछी पड़ती हैं । आज के बाद धीरे-धीरे दिन बड़े होने लगेंगे । आज का छोटा दिन भी अलग – अलग स्थाअनों के लिये अलग-अलग अव्धि का होगा । जहां मध्यरप्रदेश के नगरों मे यह लगभग 10 घंटे 44 मिनिट होगा तो उत्तअर भारत के नगरों मे यह और भी अधिक छोटा होगा । वहीं दक्षिण भारत में यह मध्यीप्रदेश के नगरो से अधिक लंबा होगा । तो तैयार हो जाइये आज संडे की सबसे लंबी रात और छोटा दिन मनाने के लिये ।